## एक नजर में

### दशहरा उत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**कांटाफोड।** नगर में हर वर्ष की भाँति इस बार भी दशहरा उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इसी संबंध में रविवार को श्री राम मंदिर में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरवासियों, युवाओं, धार्मिक प्रतिनिधियों तथा आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में उत्सव की रूपरेखा बनाई आयोजन स्थल पर झांकी, सुरक्षा व्यवस्था तथा स्वच्छता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि नगर में परंपरा के अनुरूप सुंदर और भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। दशहरा समिति के अध्यक्ष नटवर बियाणी ने कहा कि दशहरा केवल उत्सव नहीं बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक के अंत में अगली योजना के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गईं और आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा बैठक में समिति के सदस्य तथा नगर के नागरिक मौजूद रहे।

### भारतीय स्त्री शक्ति ने मधुमिलन चौराहे पर किया पौधा रोपण




**देवास।** ग्लोबल वॉर्मिंग ,बढ़ती इमारतें घटते जंगलों के बीच पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु ,भारतीय स्त्री संगठन की देवास इकाई ने मधुमिलन चौराहा,देवास स्थित गार्डन में वृक्षारोपण कर ,पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुस्पष्ट की। अपने साथ लाए फलों एवं फूलों के पौधे रोपकर, भगिनियों ने वहाँ उपस्थित गार्डन के कर्मचारियों से चर्चा कर पौधों की देखभाल का आग्रह किया। यहाँ उपस्थित सभी भगिनियों ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपनी भूमिका के विषय पर चर्चा की। साथ ही आगामी अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। 15 सितम्बर को सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में रमा यार्दी, नीत अरोरा, नीता सिरपुरकर, डॉ दिव्या दुबे और मंजु जैन उपस्थित रही।

### भजन संध्या का कार्यक्रम संपन्न

**देवास।** विगत दिनों हास्य खेडी मैं विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम संपन्न हुआ भजन गायक कबीरपंथी कमल अखंड सुन्देल एवं साथी कलाकारों के द्वारा अनेक कबीरपंथी भजनों की प्रस्तुतियां दी गई देर रात तक चले इस भजन संध्या के कार्यक्रम में भजनो का खूब आनंद लिया हास्याखेड़ी में आयोजित इस विशाल भजन संध्या में आसपास के गांवों के लोगों ने पहुंच करके भजन संध्या का आनंद लिया इस दौरान भजन संध्या की समाप्ति पर आरती पुष्पांजलि एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया ज्ञात रहे की भजन गायक कमल अखंड की भजन संध्या दूर-दूर तक आनेको जिलों में भजन प्रेमी करवाते हैं।

### छटी शरीफ के आयोजन हेतु चिश्तिया ग्रुप की मीटिंग संपन्न



**देवास।** चिश्तिया ग्रुप द्वारा भौंरासा में प्रतिवर्ष छटी शरीफ का आयोजन विगत 21 वर्षो से किया जा रहा है। 22 वें वर्ष के आयोजन हेतु पूर्व सदर इसरार चिश्ती लालू द्वारा एक मीटिंग का आयोजन आष्टा में किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से रेहान मदनी बिट्टू को सदर तथा नायब सदर के पद पर अकील बेलिम को नियुक्त किया गया। मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भौंरासा में 26 दिसम्बर को असर की नमाज के बाद गांव में तालिब शाहवली पर चादर पेश की जाएगी उसके बाद जलालशाह वली गढ़ी पर चादर पेश की जाएगी। 28 दिसम्बर को बाद असर छटी शरीफ की फातेहा ख्वानी होगी, और बाद नमाजे मगरिब लंगर का आयोजन होगा। मीटिंग में भौंरासा से आफताब वकील, कामिल चिश्ती, साजिद चिश्ती, अजहर चिश्ती, लालू चिश्ती, सादिक शाह पूर्व सदर, राजा खान, वासिद अली, सोहेल पठान, समीर शाह, सोनू दाउद, शमशेर मदनी, मोईन पहलवान, जुबेर खान, इदु शाह, मोहसीन खान, सोनू खान, फारूक ठेकेदार, गब्बर बेलिम, अज्जू ठेकेदार, सलमान टोलटेक्स, आजम चिश्ती, वाजिद चिश्ती, सद्दाम चिश्ती, अकरम चिश्ती रसुलपुर, सेफ अली, जहिर शेख, अरबाज अली, मुकद्दर अली, निजाम कुरेशी, आष्टा से मुबारिक शेख, याकूब मामू, नासिर भाई, अयाष पार्षद, शफीक भाई, सोनू भाई, आमिन भाई, सुभान जीजा, हनीफ दुलाभाई, मुन्ना दुलाभाई, भूरा भाई, अकबर दुलाभाई, आदि उपस्थित रहे।

### दौलत यादव बने सहसंयोजक



**भौरासा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कूलाला निवासी दौलत यादव को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म जिला टोली का सहसंयोजक बनाया गया, यादव को सहसंयोजक बनने पर देवास जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री राजेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत,डॉ रूप सिंह नागर,पार्षद प्रतिनिधि रोहित जायसवाल,छोटू लाल लोधी,मनीष यादव,सचिन यादव,धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, विनोद डोडिया, संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, सरपंच तेज यादव, ओमप्रकाश जायसवाल, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, मौसम माली, शैलेंद्र ठाकुर, विनायक माली, शुभकामना दी।


### भारतीय किसान संघ की बाइक रैली, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**देवास।** भारतीय किसान संघ ने सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर शहर में बाइक रैली निकाली। रैली में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस रैली का नेतृत्व भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हुकुमचंद पटेल ने किया। रैली कलेक्टर कार्यालय पहुँची, जहाँ किसानों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की मार के चलते फसलें लगातार खराब हो रही हैं। इसके बावजूद अब तक किसानों को न तो पर्याप्त राहत राशि मिली है और न ही बीमा कंपनियों ने सही भुगतान किया है। किसानों का आरोप है कि कई क्षेत्रों में जहाँ सौ प्रतिशत फसल नष्ट हो गई, वहाँ भी जीरो क्लेम देकर किसानों को ठगा गया। किसान नेताओं ने इस व्यवस्था को दोषपूर्ण बताते हुए जल्द समाधान की मांग की। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किसानों की समस्याएँ गंभीरता से सुनीं और आश्वासन दिया कि जिले में पुनः सर्वे कराया जाएगा। पात्र किसानों को राहत राशि और बीमा क्लेम का लाभ दिलवाया जाएगा।

# श्री खाटू श्याम मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना

**मंदिर की दानपेटी से चुरा ले गए राशि**
**आरोपी सीसी टीवी कैमेरे में कैद**




**भौरासा।** नगर के थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेवरी फाटा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर देर रात नकाबपोश चोरों ने धाबा बोल दान पात्र से नगदी निकाल ले गए। श्री खाटू श्याम मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया हे कि रविवार सोमवार देर रात्रि के दरमियान रात करीब 2 बजे दो व्यक्ति आए और उन्होंने अपने चेहरे गमछे से ढक रखे थे उनके द्वारा की गई मंदिर में चोरी वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें दिख रहा हे कि उक्त चोरों द्वारा बाहर रखी लोहे की दान पेटी को उठाकर मंदिर के पीछे ले गए और साथ ही पट पर लगे ताले को तोड़कर अंदर गए और अंदर से भी दान पात्र उठाकर पीछे की तरफ लेकर गए उसके बाद दान पात्र के ताले तोड़कर दान में आई राशि को एक बोरी में भरकर भाग निकले और दान पात्र वही छोड़ दिया गया। जब मंदिर पुजारी सुबह सुबह मंदिर के कपाट खोलने पहुंचे तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले जिसके बाद उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों ओर स्थानीय लोगों को बताया फिर समिति द्वारा सीसीटीवी फुटेज चेक की गई जिसमें चोरी होना दिखा गया। चोरों द्वारा अब भगवान के घरों को भी बक्शा नहीं जा रहा हे उनके हौसले बढ़ते ही जा रहे शीश के दानी के घर दरबार से ही दान राशि चोरी होना चोरी की इस वारदात से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त हे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा लो लेकर ओर भी पुख्ता इंतजाम होने की मांग की गई हे ओर समिति की ओर से से संदिग्ध व्यक्ति की नाम पहचान बताने वाले नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा साथ ही उचित इनाम भी दिया जाएगा। समिति ओर स्थानीय लोगों ने भौरासा थाना पर सूचना दी गई जिसके बाद थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा दल बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी गई और प्राप्त फुटेजों के आधार पर चोरों की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा हे साथ ही ऑपरेशन त्रिनेत्रम के माध्यम से लगे सीसीटीवी फुटेजो को भी खंगाला जा रहा हे चोरी करने के पश्चात चोरों ने किधर जाने का रुख अपनाया हे उसकी भी जांच की जा रही हे पुलिस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन



**देवास।** दिनांक 15 सितम्बर को होटल रामाश्रय जिला देवास में सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध 35 समिति प्रबंधकों ने भाग लिया। कार्यक्रम दीपाली खंडेलवाल उपायुक्त सहकारिता देवास की अध्यक्षता एवं डॉ आर पी शर्मा प्रभारी केवीके देवास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संतोष रघुवंशी उप क्षेत्र प्रबंधक इफको भोपाल उपस्थित थे। उपायुक्त सहकारिता ने समितियां के आर्थिक विकास के लिए व्यवसाय विविधीकरण एवं आवश्यक योजनाओं व क्रियाविधियों के बारे में जानकारी दी। केवीके प्रभारी ने फसलों में रोग एवं पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संतोष रघुवंशी ने नैनो उर्वरकों एवं इफको के विशिष्ट उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति के व्यवसाय वृद्धि में नैनो उर्वरक एवं इफको के विशिष्ट उत्पाद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आज समय में कृषकों की आय बढ़ाने एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए खेती में नैनो उर्वरक एवं जैव उर्वरकों का उपयोग करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाटीदार सहायक क्षेत्र प्रबंधक इफको देवास ने किया.

## जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन



**देवास।** देवास जिला कराते संघ द्वारा जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 14 सितंबर 2025 को सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में देवास जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 100 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया और दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल के संचालक प्रेमनारायण तिवारी एवं पूर्व एशियन कराते जज सेंसाई प्रवीण ढोबले, श्री जी रघुनाथ क्रुप के करकमलों द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है और कराते जैसे खेल आत्मविश्वास व अनुशासन को बढ़ाने में सहायक हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक के रूप में भगवान सिंह चौहान विवेक बंजारे, शिव प्रजापत, निलेश मालवीय, शुभम कुशवाह , अपूर्व मिश्रा ,करिश्मा सोलंकी एवं रोशनी चौधरी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले खेले और शानदार तकनीक का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए भी किया गया, जिससे बच्चों में और अधिक जोश व उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला कराते संघ एवं विद्यालय परिवार द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता की जानकारी देवास कराते कोच शिव प्रजापत ने दी।

## अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**देवास।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दिल्ली एवं म.प्र. शिक्षक संघ भोपाल के आव्हान पर म.प्र. शिक्षक संघ जिला देवास ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि 01 सितम्बर 2025 को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 1385/ 2025 में दिए गए निर्णय की ओर आकृष्ट कराना चाहता है। जिसके अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी रही हो शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय ने देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दो श्रेणियाँ मान्य की गई थी वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक, जिन्हें टीईटी से छूट दी गई थी। वर्ष 2010 के बाद नियुक्त शिक्षक, जिनके लिए एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था। माननीय उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय में इस तथ्य को अनदेखा कर दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप 2010 से पूर्व वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों की सेवा भी असुरक्षित हो गई है।

इस निर्णय से देशभर में लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक गहन चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ ने मांग की है कि न्यायालय का यह निर्णय केवल भविष्यलक्षी रूप से लागू किया जाए, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नहीं। वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित की जाए। लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने हेतु आवश्यक नीतिगत अथवा विधायी कदम शीघ्र उठाए जाएँ। एबीआरएसएम का सुविचारित मत है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है उन शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इस पवित्र शिक्षण कार्य को समर्पित किया है। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय सह संगठन मंत्री देवकृष्ण व्यास, जिला संगठन मंत्री मोहन बैरागी, जिलाध्यक्ष दिनेशसिंह सिसोदिया, पूर्व जिल संगठन मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शिवेश शर्मा पूर्व संभागीय कोषाध्यक्ष उदलसिंह परमार, जिला सचिव कमलकांत मेहता, संभागीय सह सचिव राधा व्यास, कृष्णा शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सोहन पटेल, सोनकच्छ तहसील अध्यक्ष करणसिंह कलोता, राजेश मालवीय, अभिलाषा रणपीसे, किशोर वर्मा, बीआरसी देवास, सरदारसिंह मालवीय, तेजसिंह सोलंकी, जीवनसिंह पटेल, जामसिह कन्नौजे, प्रेमलता परमार, राजेश परमार, मयंक दुबे, नरेन्द्र मालवीय, किशोर गेहलोद, सुखलाल जामरा, अंजना आदर्श, राजेश वर्मा, संतोष परमार, भूपेन्द्र माली, रूपकला सेंधव, कृष्णा शर्मा, रजनी बारिया आदि शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन मीडिया प्रभारी बसंत व्यास ने किया ।

## जैन कॉलोनी में सुविधा के नाम पर कुछ नही, रहवासियों ने एसडीएम के नाम दिया ज्ञापन

**कॉलोनी मालिकों पर कार्रवाई की मांग की**



**सोनकच्छ।** नगर की बालाजी रेस्सीडेंसी कॉलोनी (जैन) के रहवासियो ने मुलभुत सुविधाओं को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम के नाम सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया कि, नगरीय क्षेत्र सीमा के अन्दर बायपास रोड़ पर कॉलोनाइजर सुरेशचन्द्र जैन व सुरेन्द्रसिंह छाबड़ा के द्वारा कॉलोनी निर्माण करने की फर्म जैन डेवप्लर्स के नाम से अनुमति प्राप्त कर कॉलोनी जैन कॉलोनी/बालाजी रेस्सीडेंसी कॉलोनी से काटी गई। जिसमें उक्त दोनो व्यक्ति नप व अन्य विभागो में अनुमति प्राप्त करते हुए लिखित में दिया गया है कि वह कॉलोनी में रहवासीयों को पेयजल, रोड़, नाली, मंदिर, गार्डन, बाउड्रीवाल की निर्धारित कॉलोनी के नक्शे अनुसार उपलब्ध कराकर ही सम्पूर्ण प्लाट विक्रय करेंगें। इन दोनो के द्वारा कॉलोनी में प्लाट स्वामीयों को यह अश्वासन देते-देते कि प्लाट बिकते जायेगें व उसका पैसे कॉलोनी विकास कार्य में लगाकर कार्य जल्द ही पूर्ण कर दिया जाएगा। इस अश्वासन से कॉलोनी में करीब सभी प्लाट विकय कर दिये है व उक्त सुविधा अब तक मौके पर उपलब्ध नही कराई गई है। परन्तु कॉलोनी में प्लाट व मकान स्वामियों द्वारा प्लाट क्रय करने उपरांत मकान निर्माण कर निवास करने के पश्चात् आज दिनांक तक कॉलोनाईजर द्वारा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है तथा कॉलोनीनाईजर द्वारा जो अस्थाई रूप से जल मोटर के द्वारा पानी वितरण किया जा रहा था उसकी मोटर भी जली पड़ी हुई है तथा रहवासीयों को पीने व नहाने का पानी दुर-दराज स्थानो से लाना पड़ रहा है। इसी प्रकार कॉलोनी की नालियां भी चौक होकर उनमें मच्छर उत्पन्न होने से बीमारी फेल रही है। कॉलोनी की साफ-सफाई नहीं होने से कचरे में जहरीले जानवरों का खतरा बना रहता है। कॉलोनी में बाउंड्रीवाल नहीं होने से महिलाएं व बच्चे असुरक्षित होकर आये दिन चोरी की घटनाएं घटित होती रहती है जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज करवाई गई है। रहवासीयों द्वारा दोनो कॉलोनी मालिक उक्त सुविधा उपलब्ध कराने का कहने पर वह टाल मटोल करते हुए अब फोन नहीं उठा रहे है व कह रहे है कि तुम अपनी-अपनी सुविधा स्वंय करो। दोनों मालिकों द्वारा हमें धोखे में रखकर छल कपट पूर्ण रूप से उक्त सुविधा उपलब्ध कराने की अश्वासन देकर ही उक्त कॉलोनी प्लाट विक्रय किये है व अब उपलब्ध नही कराकर हमारे साथ धोखाधड़ी की जा रही है। कॉलोनी मालिक के खिलाफ योग्य दण्डात्मक कार्यवाही कर उक्त सुविधाएँ में व्यय होने वाली राशि वसुल की जाएं। कॉलोनी के विक्रय हेतु शेष बचे प्लाटो के विक्रय पर रोक लगाई जाएं। एसडीएम प्रिया चंद्रावत की अनुपस्थित में रहवासियों ने ज्ञापन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी को दिया।

## करंट लगने से किसान की मौत, ग्रामीणों ने बिजली विभाग का किया घेराव



**सोनकच्छ।** ग्राम बीसाखेड़ी में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। किसान की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग का घेराव कर दिया। मांगे माने जाने पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन बंद किया। जानकारी के मुताबिक ग्राम बीसाखेड़ी निवासी विजेंद्र भंवरसिंह की करंट लगने से मौत हो गई थी। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सांवेर स्थित बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर दिया। ग्रामीणों मांग की कि, मृतक की पत्नी को विद्युत मंडल में आउटसोर्स कर्मी के रूप में नौकरी दी जाएं फिर जीवन निर्वाह हेतु पेंशन दी जाएं। विद्युत मंडल की लापरवाही से मरने वाले व्यक्ति को साढ़े 4 लाख रुपए तुरंत दिए जाएं। कठिन घड़ी में मृतक के परिवार को 50 हजार रुपए अंत्येष्टि के लिए दिए जाएं। रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से कलेक्टर द्वारा 1 लाख रुपए मृतक के परिवार को दिए जाएं। गांव में ट्रांसफार्मर जो कि खुली अवस्था में है उन्हें ठीक किया जाएं तारों व पोल भी सही किए जाएं। इन सब मांगों को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया। धरने की सूचना टीआई आशीषसिंह राजपूत को लगी तो वे दलबल के साथ मौके पर पहूंचे।

## राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता खिलाड़ी रवाना



**देवास।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में इंदौर में 15 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित होने वाली अंडर 14 राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में देवास के स्कॉलर्स एकेडमी से बालिका वर्ग में भाविका कुमावत एवं आराध्यता ठाकुर उज्जैन संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना करते समय विद्यालय परिवार एवं खेल प्रेमियों ने ढेरों शुभकामनाएँ दीं। खिलाड़ियों के चयन एवं प्रतियोगिता संबंधी जानकारी कोच विवेक बंजारे ने दी।

## मध्यप्रदेश बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन ने ऊर्जा मंत्री के नाम अधीक्षण यंत्री को सौंपा ज्ञापन



**देवास।** मध्यप्रदेश बाह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह राजपूत द्वारा अवगत करवाया गया कि 15 सितम्बर को बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम ज्ञापन अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया को दिया गया ज्ञापन मुख्यत बिजली कंपनी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारीयों की मांगों तथा समस्याओं के संबंध में है ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि ऊर्जा विभाग द्वारा स्वीकृत 49263 नवीन पदों में ऊर्जा विभाग में कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारी को विभागीय परीक्षा के माध्यम से विभाग में समायोजित कर शेष पदों पर भर्ती की जाए, इससे बिजली कंपनी को योग्य और अनुभवी कर्मचारी मिलेंगे। साथ ही आउटसोर्स कर्मियों को 60 वर्ष तक की सेवा करने का सम्मान भी प्रदान किया जाए।इस अवसर पर बिजली कर्मचारी महासंघ के क्षेत्रीय सचिव भगवान स्वरूप श्रीवास्तव, प्रकाश चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष लोकेश सेन, मीडिया प्रभारी संजय चौधरी, अजय बैस, श्याम प्रजापति, राहुल जाट,चेतन सेंधव,गौरव श्रीवास,शिवकरण पाटीदार,शुभम मुजमेर, राम-लखन अजमेरी, विनोद पटेल, जितेन्द्र चौहान, सचिन सिंह राजपूत, रंजीत कलेसरिया, राकेश परमार,पंकज कुमावत,आदर्श संेधव इत्यादि उपस्थित रहे।

**एक नजर** विद्यार्थियों नृत्य, कविता-पाठ और बांसुरी वादन ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं

# प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में इंजीनियर्स डे पर शिक्षक दिवस का आयोजन



**देवास।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, देवास में इंजीनियर्स डे पर पूरे उत्साह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महान इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया तथा महान दार्शनिक ,शिक्षक एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. आर. के. जैन ने दोनों महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि सर विश्वेश्वरैया का भारत के सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में असाधारण योगदान रहा है। उन्होंने इस प्रसंग का भी उल्लेख किया कि किस प्रकार विश्वेश्वरैया ने ट्रेन में बैठते हुए लगभग 1.5 किलोमीटर दूर से रेल की पटरियों में तकनीकी दोष को पहचान लिया था और हजारों लोगों की जान बचाई। जो उनकी अद्भुत प्रतिभा और इंजीनियरिंग ज्ञान का प्रमाण है। इसलिए इस दिन को स्मरण करना हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य को जीवन जीने की राह दिखाता है। गुरु शब्द दो अक्षरों से मिलकर बना है- गु अर्थात अंधकार और रु अर्थात प्रकाश की ओर ले जाने वाला। जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए वही सच्चा गुरु है। वह अपने शिष्य का मार्गदर्शन करता है और उसे जीवन जीने के नैतिक मूल्यों से परिचित कराता है। डॉ. जैन ने इस अवसर पर अपने गुरुजनों को भी याद करते हुए कहा कि उन्हीं के मार्गदर्शन के कारण वे आज इस पद पर हैं और शिक्षक कहलाने का सौभाग्य प्राप्त कर सके। उन्होंने आगे नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रसिद्ध कृति गीतांजलि का उल्लेख किया और उनकी कविता जहाँ मन भय से मुक्त हो.. की पंक्तियाँ सुनाते हुए छात्रों से आह्वान किया कि वे केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि साहित्य एवं अन्य विधाओं का भी अध्ययन कर अपनी बौद्धिकता का विस्तार करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, कविता-पाठ और बांसुरी वादन शामिल थे।

विद्यार्थियों की ओर से यह आयोजन और सभी प्रस्तुतियाँ अपनी सभी फैकल्टीज और स्टाफ को समर्पित थीं। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और आनंदित हुए। आयोजन की समन्वयक अर्चना राजपूत, निकिता अग्रवाल, रितिका शर्मा एवं प्रियल करंदिकर थीं ।